# बाढ़-बारिश की चपेट में कई राज्य

**1900** गांव बाढ़ की चपेट में | **47** लोगों की पंजाब में मौत

**नई दिल्ली/लुधियाना/कपूरथला/बस्ती/05 सितंबर (वार्ता). उत्तर भारत में लगातार बारिश और भाखड़ा बांध से छोड़े गए पानी ने पंजाब और हरियाणा के कई जिलों में भारी तबाही मचाई है.**

पंजाब के 1900 गांव बाढ़ की चपेट में है. बाढ़ ने अब तक 47 लोगों की जान ले ली है और हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं. खेत-खलिहान जलमग्न हैं, राहत कार्य जारी हैं, लेकिन संकट अभी टला नहीं है. उत्तर भारत में पिछले पांच दिनों से जारी भारी बारिश और भाखड़ा बांध से छोड़े गए पानी के चलते पंजाब और दिल्ली-एनसीआर के कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं. हजारों गांव जलमग्न हो चुके हैं और लाखों लोग प्रभावित



हुए हैं. सेना लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं. उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंडू गांव में बाढ़ में लापता हुए 45 वर्षीय ओमबीर का शव दो दिन बाद मिला. पुलिस और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाकर शव बरामद किया. इधर, पंजाब के लुधियाना में सतलुज नदी पर बना ससराली बांध खतरे की स्थिति में है. बांध पर भारी दबाव है और किसी भी वक्त टूट सकता है. इसके चलते प्रशासन ने 14 गांवों में हाई अलर्ट जारी किया है.

बस्ती उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में शुक्रवार को सरयू नदी का जलस्तर खतरे के बिन्दु से 50 सेमी ऊपर पहुंच गया है. केन्द्रीय जल आयोग के सूत्रों ने यहां आज यह जानकारी देते हुए बताया है कि सरयू नदी का जलस्तर और नदी कई बन्धों पर दबाव बनाये हुए है. वर्तमान समय में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के बिन्दु 92.730 के ऊपर 93.230 पर है. नदी का जलस्तर 50 सेमी. ऊपर है. जलस्तर बढ़ने से दुबौलिया क्षेत्र के सूबिका बाबू गांव पूरी तरह से पानी से घिर गया है. प्रशासन द्वारा वहां नाव और मोटर बोट की व्यवस्था करायी गयी है.

# नालों की सफाई न कराने पर बाढ़ जैसे हालात

**नई दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता). आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने डिसिल्टिंग नहीं कराई जिससे दिल्लीवालों को बारिश के बाद तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.**

केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां शास्त्री पार्क में दिल्ली सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए लगाए गए राहत कैंपों का दौरा कर कहा कि दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं. तमाम इलाकों में पानी भर गया है. लोग अपने घरों को छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं. इन शिविरों में भी तमाम परेशानियां हैं, खाने और पानी तक का ठीक इंतजाम नहीं है. लोग बारिश के नीचे रात गुजराने को मजबूर हैं. उन्होंने कहा कि दिल्ली



के कई इलाकों में जलभराव हो गया है, क्योंकि भाजपा सरकार ने डिसिल्टिंग नहीं कराई थी. इसलिए दिल्लीवालों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. उत्तर भारत के तमाम हिस्सों में भारी बारिश की वजह से तबाही हो रही है. केंद्र सरकार ने जैसे भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान के लिए राहत सामग्री भेजी, वैसे ही सरकार को इन राज्यों की ओर भी ध्यान देना चाहिए.

केजरीवाल ने कहा हम समझ सकते हैं, यह कुदरत का कहर है लेकिन ऐसे समय में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह गरीबों और दूसरे नागरिकों के लिए सारे जरूरी इंतजाम करे. हमारा निवेदन है कि जिन राहत शिविरों में गरीब लोग रहने को मजबूर हैं, वहां सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं. उन्होंने आगे कहा, इस समय जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड सहित पूरा उत्तर भारत बाढ़ की चपेट में है. हम केंद्र सरकार से भी निवेदन करते हैं कि जनता को राहत पहुंचाने के लिए जितना बन सके, उतना काम करे.

## पाकिस्तान में 40 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

**इस्लामाबाद, 05 सितंबर (वार्ता).** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नदियों का जल स्तर बढ़ने और नदी तटबंधों के टूटने से आयी बाढ़ के से लगभग 40 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और उन्हें विस्थापित होना पड़ा है. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि रावी, सतलज और चेनाब नदियों में आयी भीषण बाढ़ ने पूरे देश के सबसे अधिक आबादी वाले पंजाब प्रांत में तबाही मचा दी है, जिससे 12 करोड़ 7 लाख से अधिक आबादी प्रभावित हुई है. पिछले 24 घंटों के दौरान सैकड़ों गांव डूब गए, जिससे बाढ़ प्रभावित गांवों की संख्या बढ़कर 4000 से अधिक हो गई तथा लाखों एकड़ में फैली फसलें जलमग्न हो गईं हैं.


# पंजाब को राहत देने के लिए सरकार तैयार

**केंद्रीय मंत्री शिवराज ने ट्वीट कर दी जानकारी**

**चंडीगढ़/ लुधियाना/नई दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता). पंजाब में आई बाढ़ से पैदा हुई भयावह स्थिति को लेकर केंद्र सरकार सक्रिय हो गई है.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और हालात को ट्विटर पे साझा किया. शिवराज सिंह चौहान ने दौरे के बाद एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है. फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं. संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है. उन्होंने कहा कि अब पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं बनानी होंगी. उन्होंने बताया कि वह प्रधानमंत्री को नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र कोई कसर नहीं छोड़ेगा. चौहान ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे पानी कम होगा, बीमारियों का खतरा बढ़ेगा. मरे हुए पशुओं का सुरक्षित निस्तारण और खेतों में जमी सिल्ट को हटाना प्राथमिकता होगी, ताकि अगली फसल को नुकसान न पहुंचे.

शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ के बीच मानवता की मिसाल पेश करने वाले समाजसेवियों की भी सराहना की. उन्होंने कहा, हजारों लोग ट्रैक्टरों में भोजन, कपड़े और दवाइयां लेकर गांवों में सेवा कर रहे हैं. यही सेवा भाव हमें हर संकट से उबारता है. उन्होंने यह भी कहा कि संकट चाहे जितना बड़ा हो, देश और केंद्र सरकार पंजाब की जनता के साथ खड़ी है और इस त्रासदी से मिलकर बाहर निकाला जाएगा. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रकाश सिंह बादल के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय सतलुज, ब्यास, रावी और घग्गर नदियों पर बनाए गए बांधों को मज़बूत किया गया था. लेकिन आज अवैध खनन के कारण वे कमजोर हो गए हैं, जिससे गांवों में पानी घुस आया.



# अमृतसर में 5 तस्कर गिरफ्तार पिस्तौल, गोला-बारूद जब्त

जालंधर, 05 सितंबर (वार्ता). सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सीमा पार से होने वाली तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर सीमा पर अलग-अलग घटनाओं में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और पिस्तौल, गोला-बारूद तथा हेरोइन बरामद की है.

बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि ड्रोन की गतिविधि का पता चलने पर, बीएसएफ जवानों ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया और अमृतसर के भैणी राजपूताना गांव से सटे एक खेत से 1.680 किलोग्राम हेरोइन के तीन पैकेट बरामद किये.

एक अन्य घटना में, सतर्क



बीएसएफ जवानों ने एक संदिग्ध घर की तलाशी ली और तीन संदिग्धों को उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगज़ीन, 63 कारतूस और चार मोबाइल फ़ोन वाले दो पैकेट के साथ गिरफ्तार किया. सभी बंदी भैणी राजपुताना के निवासी हैं. उनके संबंधों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है.कल शाम, बीएसएफ जवानों ने रोरनवाला कलां गांव के पास दो तस्करों को पकड़ लिया.

# शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का मानदेय बढ़ेगा

**लखनऊ, 05 सितंबर. शिक्षक दिवस समारोह पर सीएम योगी ने नौ लाख से अधिक शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बड़ा ऐलान किया. अब सभी को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी. साथ ही शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय भी बढ़ाने की तैयारी है.**

शिक्षक दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के शिक्षकों को एक ऐतिहासिक तोहफा दिया. राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सीएम योगी ने परिषदीय और माध्यमिक शिक्षा विभाग के कुल 81 शिक्षकों को सम्मानित किया. इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के करीब नौ लाख



शिक्षक और उनके परिवार अब कैशलेस इलाज सुविधा का लाभ ले सकेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से बेसिक, माध्यमिक, राजकीय, एडेड और स्ववित्तपोषित शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा. इसके अलावा शिक्षामित्र, अनुदेशक और विद्यालयों में भोजन बनाने वाले रसोइए भी इसमें शामिल रहेंगे. सीएम ने भरोसा दिलाया कि इन सभी वर्गों को चिकित्सा सुविधा का लाभ जल्द ही उपलब्ध होगा.

योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने के लिए समिति गठित की जा चुकी है. समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी. सीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यूपी की बेसिक शिक्षा ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है. वर्तमान में राज्य के 60 लाख से अधिक बच्चे परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं. उन्होंने एससीईआरटी को पुस्तकों में भारतीय पात्रों को प्राथमिकता देने की सलाह दी और कहा कि रामायण और महाभारत से बेहतर उदाहरण बच्चों को प्रेरित नहीं कर सकते.

## एक नजर में



### पेंटागन का नया नाम युद्ध मंत्रालय से होगा

**वाशिंगटन, 05 सितंबर (वार्ता).** अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जायेंगे. नया नाम रक्षा मंत्रालय, एक द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा. सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी. नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि युद्ध मंत्रालय नाम रक्षा मंत्रालय की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है. रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है. विदित हो कि अमेरिकी सशस्त्र सेवाओं की देखरेख करने वाले पेंटागन को 1947 तक युद्ध मंत्रालय ही कहा जाता था.

### श्रीलंका बस हादसे में 15 की मौत

**कोलंबो, 05 सितंबर (वार्ता).** श्रीलंका के उवा प्रांत में एला-वेल्लावेया मार्ग पर गुरुवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गये. पुलिस ने इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा तब हुआ जब एक बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई. अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में कुछ की स्थिति बेहद गंभीर है. बस में सवार यात्री एक समूह में थे और वे छुट्टियां मना कर वापस लौट रहे थे. पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाके में पुलिस, सेना, अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य चल रहा है.

### परीक्षार्थियों के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**फर्रुखाबाद 05 सितंबर (वार्ता).** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में आगामी 06 और 07 सितंबर 2025 को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 34368 अभ्यर्थियों को लाने ले जाने लिए रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेन और रोडवेज की चल रही 120 बसों के फेरे बढ़ा कर चलाने की व्यवस्था की है। सरकारी सूत्रों के अनुसार फर्रुखाबाद जिले में 20 परीक्षा केदो पर सीसीटीवी कैमरे एवं 805 निगरानी शिक्षको की तैनाती करके ,शांतिपूर्ण ढंग से 06व 07 सितंबर को पारदर्शी तरीके से प्रारंभिक अर्हता परीक्षा कराए जाने की व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें शामिल होने के लिए आने जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए पूर्वोत्तर रेलवे इंजन नगर मंडल रेल प्रशासन ने 06 व 07 सितंबर को एक स्पेशल ट्रेन 05029/05030 फतेहगढ़ मथुरा छावनी स्टेशनों के मध्य विभिन्न स्टेशनों पर रुक रुक कर संचालित करने की व्यवस्था की है.

## महाराष्ट्र सरकार 9658 अनुकंपा नियुक्ति पदों पर करेगी भर्ती

**मुंबई, 05 सितंबर (वार्ता).** महाराष्ट्र सरकार ने अनुकंपा नियुक्ति के आधार पर कुल 9,658 पदों पर भर्ती की मंजूरी दे दी है, जिनमें चतुर्थ श्रेणी के पद भी शामिल हैं. महाराष्ट्र सरकार ने विभिन्न विभागों में अनुकंपा के आधार पर 9658 रिक्तियों को भरने के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान शुरू किया है. इसका उद्देश्य प्रशासन को सुव्यवस्थित करना और शोक संतप्त परिवारों को राहत प्रदान करना है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. राज्य के इतिहास में यह पहली बार होगा जब अनुकंपा नियुक्ति के तहत इतने बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है.

# नीतीश ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**▸ पटना में 1159 करोड़ 84 लाख लागत से होंगे कार्य**

**पटना, 05 सितंबर (वार्ता). बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना के पुनपुन में 1159 करोड़ 84 लाख रुपये लागत की 17 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया.**

कुमार ने आज पुनपुन में आयोजित कार्यक्रम स्थल से पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1159 करोड़ 84 लाख रुपये लागत की 17 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया. इसके अंतर्गत 19.77 करोड़ रुपये की लागत से पालीगंज प्रखंड अंतर्गत समदा एवं



गुलरिया विगहा गांव के बीच पुनपुन नदी पर आर.सी.सी पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण कार्य, 14 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से पालीगंज के उलार सूर्य मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कार्य, 88 लाख रुपये की लागत से पुनपुन स्टेशन से अकौना ग्राम होते हुए पटना रिंग रोड को जोड़नेवाली सहायक रोड तक पथ निर्माण कार्य, 41.48 करोड़ रुपये की लागत से सादिकपुर-पमेड़ा-मसौढ़ी पथ के सोहगी मोड़ को पटना-गया रोड के कंडाप को 2-लेन सड़क से जोड़ने के कार्य, 82.99 करोड की लागत से पुनपुन पिण्डदान स्थल पर निर्मित लक्ष्मण झूला केबल सस्पेंशन पुल का निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण कार्य शामिल है.

कुमार ने लक्ष्मण केबल सस्पेंशन पुल का उद्घाटन किया. कुमार ने उद्घाटन के बाद पुल का निरीक्षण किया.आज के कार्यक्रम के अन्तर्गत 130 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से नौ विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, लाईनों का निर्माण, 10 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से आठ विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता विस्तार का कार्य होगा.

## मॉरिशस के प्रधानमंत्री आठ दिन की यात्रा पर 9 को भारत आयेंगे

**नई दिल्ली 05 सितम्बर.** मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा.नवीन चन्द्र राम गुलाम 9 से 16 सितम्बर तक आठ दिन की भारत यात्रा पर आयेंगे. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में डॉ. राम गुलाम की भारत यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मौजूदा कार्यकाल में उनकी यह पहली विदेश यात्रा है . उन्होंने कहा कि मॉरिशस के प्रधानमंत्री इस यात्रा के दौरान दिल्ली के अलावा मुंबई , वाराणसी, तिरूपति और अयोध्या भी जायेंगे. मुंबई में वह एक बिजनेस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे.

## आज का इतिहास

1776 ग्वाडेलोप द्वीप में तूफान से छह हजार से अधिक लोगों की मौत।

1838 पंजाब के महाराज रणजीत सिंह के सबसे छोटे पुत्र दलीप सिंह का जन्म।

1869 पेंसिल्वेनिया के अवोंदेल में एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे।

1905 अटलांटा जीवन बीमा कंपनी की शुरुआत हुई।

1914 फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारम्भ।

1924 इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफल।

# आस्ट्रेलिया में हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर भारत की नजर

**नई दिल्ली 05 सितम्बर (वार्ता). विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह आस्ट्रेलिया में प्रवासी विरोधी प्रदर्शनों को लेकर आस्ट्रेलियाई सरकार और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संपर्क बनाये हुए है और भारत अपने लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत ने 31 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में प्रवासी-विरोधी प्रदर्शनों का संज्ञान लिया है. उन्होंने कहा कि भारत इस घटनाक्रम पर निरंतर नजर रखे हुए है. उन्होंने कहा, हमारे उच्चायोग



और महावाणिज्य दूतावास इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई सरकार और हमारे समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में हैं. विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले, हमारे उच्चायोग ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ प्रवासी भारतीयों की चिंताओं को साझा किया . प्रवक्ता ने कहा कि आस्ट्रेलिया ने इन विरोध प्रदर्शनों के बारे में भारत के साथ चिंता साझा की है.

# कांग्रेस ने 10 साल के शासन में अच्छे कदम नहीं उठाए

**केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लगाए आरोप**

**नई दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता).** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेसी कुछ भी कहें पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के हाल के निर्णयों से कर्नाटक और केरल की सरकारें खुश नहीं थीं क्योंकि वे कर राजस्व छोड़ना नहीं चाह रही थीं. वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री का यह बयान इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि कांग्रेस पार्टी का दावा है कि जीएसटी की दरों में कटौती उसके नेता राहुल गांधी की ओर से पहले से की जा रही मांग के अनुरूप है. कर्नाटक में कांग्रेस और केरल में वामपंथी दलों के मोर्चे की सरकार है. गोयल ने यहां



पार्टी मुख्यालय पर एक संवाददाता सम्मेलन में इस आशय के एक सवाल पर कहा, कर्नाटक और केरल की सरकार खुश नहीं थीं. वे उपभोक्ताओं को लाभ नहीं देना चाह रहे थे, वे चाहते थे कि यह लाभ उनको नहीं देना पड़े. गोयल ने कहा, वे (कांग्रेस के लोग) समझ रहे हैं कि इससे कांग्रेस का भांडा फूट जाएगा. कांग्रेस ने अपने 10 साल के शासन में एक भी अच्छे कदम नहीं उठाए. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जैसे ही पता चल जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी जनता के हित में कोई निर्णय लेने वाले हैं उससे पहले ही वो इसकी मांग करने लगते हैं और निर्णय आने पर इसका श्रेय लेने लगते हैं.

जीएसटी सुधार पर उन्होंने कहा कि परिषद में कांग्रेस शासित राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी हैं. जिसके कारण उनको यह जानकारी हो गई थी. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह निर्णय कोई एक दिन में नहीं लिया गया और इसके लिए केंद्र सरकार लंबे समय से कार्ययोजना तैयार कर रही थी. उन्होंने गांधी के बारे में कहा, वह एक ऐसा रॉकेट हैं जो प्रयासों के बावजूद आजतक लॉन्च ही नहीं हो सका है.

## विदेशी मुद्रा भंडार 3 .51 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई.** विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर पहुंच गया. इससे पहले 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में यह 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा था. आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.686 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गयी और यह 583.937 अरब डॉलर पर पहुंच गया. विशेष आहरण अधिकार में चार करोड़ डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 1.8 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और ये क्रमश: 18.775 अरब डॉलर तथा 4.749 अरब डॉलर पर रहे.

**आयोजन** ▸ **शिक्षक दिवस पर समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए**

# देश के शिक्षकों को मिले सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की मान्यता : मुर्मु

**नई दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता). राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये.**

मुर्मु ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है. समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं. उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया. राष्ट्रपति ने कहा कि



शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है. शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं. बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है. नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं. एक अच्छे शिक्षक में भावनायें और बुद्धि दोनों होती हैं. भावनाओं और बुद्धि का समन्वय विद्यार्थियों पर भी प्रभाव डालता है.

### शिक्षाविद् राधाकृष्णन को शिवराज का नमन

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अपने भोपाल निवास पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए. उन्होंने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को स्मरण किया. इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन केवल एक महान शिक्षक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के आदर्श वाहक भी थे.

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने शिक्षक दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है. खरगे ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि शिक्षकों को सच्चा राष्ट्र-निर्माता माना जाता है. राहुल गांधी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन. जीवन में शिक्षकों का योगदान अद्वितीय है.

# वेनेजुएला ने अमेरिकी जहाज पर उड़ाए एफ-16

**अमेरिका बोला- ताकत दिखाना पड़ा महंगा**

**कराकस, 05 सितंबर. अमेरिका और वेनेजुएला के बीच पुराना तनाव अब खुले टकराव की शक्ल लेने लगा है. वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने अमेरिकी युद्धपोत जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी.**

अमेरिकी रक्षा विभाग ने इसे गंभीर उकसावे की कार्रवाई बताते हुए कराकस को चेतावनी दी है कि अगर ऐसी हरकतें दोहराई गईं तो अंजाम बेहद बुरा होगा.डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर है जिसे पिछले हफ्ते अमेरिका ने वेनेजुएला के पास तैनात किया था. अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, इस वॉरशिप को ड्रग कार्टेल और आपराधिक नेटवर्क पर शिकंजा कसने के लिए वहां भेजा गया है. लेकिन मादुरो सरकार ने इस कदम को सीधा खतरा बताया और अब आसमान से शक्ति-प्रदर्शन की कोशिश कर डाली.वेनेजुएला के पास एफ-16 जेट्स की कहानी भी खास है.

साल 1982 में अमेरिका और वेनेजुएला के बीच 24 एफ-16 विमानों का करार हुआ था. शुरुआती वर्षों में इनकी मेंटेनेंस और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था. लेकिन 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो सत्ता में आए तो रिश्ते बिगड़ते चले गए. 2006 में अमेरिका ने हथियारों की सप्लाई रोक दी, जिससे ज्यादातर विमान खराब हो गए.

वर्तमान में वेनेजुएला के पास केवल 5 से 6 ही ऐसे विमान हैं जो उड़ान भर सकते हैं.राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में यह विवाद और तेज हुआ. ट्रम्प प्रशासन ने मादुरो पर ड्रग कार्टेल से सांठगांठ का आरोप लगाया और उनकी गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर का इनाम घोषित कर दिया. इसी दौरान अमेरिकी नौसेना ने कैरेबियन क्षेत्र में ऑपरेशन तेज किया, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और बिगड़े.वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिकी आरोपों को खारिज करते हुए युद्धपोतों की मौजूदगी को आपराधिक और खूनी खतरा' बताया है.